Media of Propaganda
प्रोपेगण्डा के साधन या माध्यम

Presented by
Dr. Archana Bharti
Guest Faculty, MJMC
Sem-1, Paper- 101
Date- 12/08/2021

Media of Propaganda

- प्रोपेगण्डा के अनेक माध्यम होते हैं। प्रोपेगण्डा के लिए विभिन्न प्रकार के मास मीडिया अर्थात जन माध्यम का उपयोग किया जाता है। जैसे कि– समाचार पत्र–पत्रिकाएं, विज्ञापन–पत्र, पुस्तकें, पम्फलेट्स, रेडियो एवं टेलीविजन, सिनेमा, वीडियो, सोशल मीडिया आदि का प्रयोग किया जाता है। जो राजनीतिक दल होते हैं वे चुनाव के समय मंच का प्रयोग करते हैं।

Media of Propaganda

- समाचार पत्र और पत्रिकाएं वर्तमान समय में प्रोपेगण्डा के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इन माध्यमों के द्वारा दूर–दूर तक प्रोपेगण्डा किया जाता है। इसमें विज्ञापन, व्यंग्य चित्र आदि के द्वारा प्रोपेगण्डा किया जाता है। इसके साथ–साथ जो भी प्रोपेगण्डा सम्बंधित महत्वपूर्ण बातें होती हैं उसे भी समाचार पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित कराया जाता है।

Media of Propaganda

- प्रोपेगण्डा के लिए रेडियो और टेलीविजन का भी उपयोग किया जाता है। चूंकि टेलीविजन में दृश्य और आवाज का प्रयोग होता है अतः इसके द्वारा किए गए प्रोपेगण्डा का मानव के मस्तिष्क पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। आजकल अनेक प्राइवेट चैनल्स के द्वारा प्रोपेगण्डा किया जाता है।
- सिनेमा भी प्रचार का एक महत्वपूर्ण साधन बन गया है। इसके द्वारा अशिक्षित जनता भी प्रभावित हो जाती है।

Media of Propaganda

- प्रोपेगण्डा के लिए मंच अथवा प्लेटफॉर्म का भी प्रयोग किया जाता है। मंच में प्रोपेगण्डिस्ट और श्रोता अथवा दर्शक आमने—सामने होते हैं। अतः मंच के द्वारा प्रोपेगण्डा करने से श्रोता अधिक प्रभावित होते हैं। चुनाव के समय अगर देखें तो अधिकांश राजनीतिक दल मंच के द्वारा प्रोपेगण्डा करते हैं।

Media of Propaganda

- आजकल ध्वनि प्रसारक यंत्र अथवा लाउड स्पीकर का भी प्रयोग काफी तेजी से प्रोपेगण्डा के लिए किया जाता है। लाउडस्पीकर को टेम्पो, रिक्शा आदि में बांधकर घूम–घूमकर प्रोपेगण्डा किया जाता है।
- न्यू मीडिया के रूप में आज डिजिटल मीडिया भी काफी लोकप्रिय हो गया है। कोई भी व्यक्ति इस माध्यम का उपयोग करके प्रोपेगण्डा कर सकता है।

Public Opinion and Propaganda

- जनमत और प्रोपेगण्डा के सम्बंध को देखें तो दोनों में घनिष्ठ सम्बंध है। जनमत का सम्बंध सार्वजनिक विषयों से होता है। इस विषय में जनता के मत को बनाने और उसे जागृत करने के लिए प्रचार अथवा प्रोपेगण्डा का सहारा लिया जाता है।
- प्रोपेगण्डा के द्वारा एक विशेष प्रकार के जनमत का निर्माण किया जाता है। जब लोगों को किसी विषय की जानकारी नहीं होती है तो उससे सम्बन्धित जनमत का निर्माण किया जाता है जिसके कारण प्रोपेगण्डा का महत्व बढ़ जाता है।

Media of Propaganda

- सरकार अपनी नीतियों को जनता तक पहुंचाने और जनमत निर्माण करने के लिए प्रोपेगण्डा करवाती है।
- प्रोपेगण्डा में जनमत को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए भाषा, शब्द–चयन, उच्चारण एवं बोलने की शैली का प्रयोग इस प्रकार से किया जाता है कि जनमत प्रभावित हो सके। जनमत साध्य (Workable) है तो प्रोपेगण्डा साधन। साधन के बिना साध्य पूरा नहीं होता। अतः जनमत निर्माण के लिए प्रोपेगण्डा सहायक होता है।